## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग व अश्लील वीडियो वायरल प्रकरण का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग एवं अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में सिंहपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिंहपुर क्षेत्र की एक पीड़िता ने 18 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक युवक ने वाट्सएप कॉल के माध्यम से उसका विश्वास जीतकर अश्लील वीडियो बनाया और बाद में उससे रुपये वसूलने तथा गलत संबंध बनाने का दबाव बनाया। आरोपियों द्वारा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों साबिया पिता मजीद, बबलू पिता मजीद तथा बिलाल पिता फुद्दू मुसलमान, तीनों निवासी ग्राम केरहा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। वहीं, इस प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी श्यामबाबू पिता रामनारायण उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम अर्रा मजरे कौड़ुरा, थाना असोथर, जिला फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) को पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सतत प्रयासों से 1 नवम्बर 2025 को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेश कुमार जाटव, उपनिरीक्षक दीपक परिहार, प्रधान आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक जोगेन्द्र और चित्रकांत कुशराम की सराहनीय भूमिका रही।

### दोहरे हत्याकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलबहरा में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के शेष फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 21 अक्टूबर 2025 की है, जब चौकी केशवाही अंतर्गत ग्राम बलबहरा में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के चलते मारपीट हुई थी। इस दौरान राकेश तिवारी और राहुल तिवारी की मौत हो गई थी। मृतकों की पत्नी की रिपोर्ट पर थाना बुढ़ार में धारा 302, 147, 148, 149, 294, 323, 506, 34 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पुलिस अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं, शेष फरार आरोपी निखिल केवट पिता राजाराम केवट (निवासी ग्राम बटुरा, थाना अमलाई), पूरन पाव पिता रामप्रसाद पाव (ग्राम बटुरा), कपिल पाव पिता गोयद पाव (ग्राम पड़रिया, चौकी केशवाही) सहित दो बाल अपचारी को भी बुढ़ार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम की सतत प्रयासों से सफलता मिली है। वहीं, पुलिस अब भी इस प्रकरण में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**शहडोल।** संभाग स्तरीय अमृत हरित महाभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला गत दिवस नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका शहडोल के सभागार में संपन्न हुआ। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के निर्देशानुसार प्रदेश की समस्त निकायों में पौधरोपण की स्थिति का आकलन करने एवं रोपे गए पौधों का संरक्षण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में स्टेट मॉनिटरिंग टीम से डॉ. उदय रोमन, सर्वेश तिवारी, श्रीमती रूपम मिश्रा, श्रीमती रचना बेदी, विवेक शर्मा, श्रीमती सुधा ठाकुर, संजय राय, तनवीर सिद्दीकी,, चंद्र शेखर के अलावा संभाग के नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वसहायता समूहो की महिलाओं ने भाग लिया।

# 15 वर्ष पहले बंद होने वाली खदान बनी मौत की खाई

**एसईसीएल-आरकेटीसी की लापरवाही से डूबा मजदूर**

**परिजनों ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग**

शहडोल।

जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर क्षेत्र की अमलाई खुली खदान (ओपन कास्ट माइन) में एक बेहद गंभीर हादसा सामने आया है। 11 अक्टूबर 2025 की शाम लगभग 05 बजे खदान में स्तरीय मिट्टी भराई (फिलिंग) के दौरान अचानक ज़मीन धंस गई और एक मजदूर का पता नहीं चला। घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन तथा आरकेटीसी कंपनी द्वारा संचालित इस खदान में खोजबीन शुरू की गई, जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 94 जवानों को भी लगाया गया, लेकिन गहरे पानी और मिट्टी के खिसकने की वजह से वाहन सहित मजदूर अब तक नहीं निकाला जा सका है।


हरिभूमि
अमलाई ओसीएम हादसा: मौत की मिट्टी में दबी सच्चाई
मोहसन और अजय की लापरवाही से गई अनिल की जान


हरिभूमि
अमलाई खदान में मौत का दलदल

### परिवार ने की एफआईआर की मांग

घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन धनपुरी थाना पहुंचे और कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। परिवार का कहना है कि आरकेटीसी कंपनी ने मिट्टी भराई और ऊपर की मिट्टी (ओवरबर्डन) हटाने का कार्य 11 अक्टूबर को भारी वर्षा के बाद दोबारा शुरू किया था, जबकि यह खदान लगभग 15 वर्ष से बंद थी। आवेदन में कहा गया है कि कंपनी ने सुरक्षा नियमों और खदान अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी की तथा लक्ष्य पूरा करने के दबाव में सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना की सूचना उन्हें समय पर नहीं दी गई। रात 10 बजे तक परिवार को कोई जानकारी नहीं मिली, जिससे बचाव कार्य में देरी हुई। शिकायत में उल्लेख है कि यह खदान बंदी योजना (क्लोज़र प्लान) के अंतर्गत पूर्णतः बंद हो चुकी थी, लेकिन कंपनी ने पुनः उसी स्थल पर कार्य शुरू कर दिया, जो कि गंभीर लापरवाही है।

### ऐसे हुआ था हादसा

11 अक्टूबर की शाम 05 से छह बजे के बीच खदान में पानी और मिट्टी का स्तर बहुत ऊँचा था। मिट्टी भराई के दौरान अचानक ज़मीन खिसक गई, जिससे मशीनें डूब गईं और चालक अनिल कुशवाहा वाहन सहित उसमें फंस गया। खोज कार्य देर रात तक जारी रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में प्रशासन ने परिजनों की सहमति से मजदूर को मृत मानकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू की। मुआवज़े में देरी को लेकर परिवार ने नाराजग़ी जताई है।

### लापरवाही के साफ संकेत

इस दुर्घटना से यह स्पष्ट है कि खदान प्रबंधन ने सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 15 वर्ष पहले बंद खदान में बिना स्थिरता परीक्षण और जलस्तर मापे कार्य शुरू करना खनिज अधिनियम तथा खदान सुरक्षा नियमों का सीधा उल्लंघन है। कंपनी के सुरक्षा प्रभारी और पर्यवेक्षक की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। परिवार ने यह भी कहा कि इससे पहले भी इसी क्षेत्र में इस तरह की घटनाएँ घट चुकी हैं, परंतु अब तक कोई ठोस सुधार नहीं किए गए। आवेदन में साफ लिखा गया है कि यह पहला हादसा नहीं है, सुरक्षा प्रबंधन में गंभीर खामियाँ हैं।

### परिवार की मांगें

परिजनों ने धनपुरी थाना प्रभारी से मांग की है कि इस घटना पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और खदान अधिनियम की धारा 106, 110 तथा 3(5) के तहत कंपनी प्रबंधन, ठेकेदार, पर्यवेक्षक और सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो। साथ ही, मृतक के परिवार को उचित मुआवज़ा राशि, रोजगार और त्वरित सहायता प्रदान की जाए। यह हादसा एक बार फिर खनन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है। जब पुराने, बंद पड़े खदानों को बिना पर्याप्त तैयारी के फिर से चालू किया जाता है, तो यह सीधे तौर पर मुनाफे को प्राथमिकता देने की मानसिकता को दर्शाता है। मृतक परिवार को न्याय दिलाना केवल एक मानवीय कर्तव्य नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने की दिशा में आवश्यक कदम है। प्रशासन, कंपनी और राज्य खनिज विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि न केवल मुआवज़ा दिया जाए, बल्कि कारणों की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाए। अगर अब भी सबक नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएँ और बढ़ सकती हैं।

# 6 नवम्बर से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

### हनुमान मंदिर घरौला मोहल्ला से निकलेगी कलश यात्रा






**शहडोल।** धर्म और भक्ति की पावन धरती शहडोल में एक बार फिर अध्यात्म का अलौकिक संगम होने जा रहा है। बुढ़ार रोड स्थित धर्मपाल जी के वाड़े में 6 नवम्बर से 12 नवम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय कथा महोत्सव का शुभारंभ 6 नवम्बर, गुरुवार को दोपहर 2 बजे घरौला मोहल्ला के हनुमान मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा कथा स्थल धर्मपाल जी के वाड़े तक पहुंचेगी, जहाँ विधि-विधानपूर्वक व्यास पूजन और श्रीमद् भागवत महात्म्य के श्रवण से कथा का शुभारंभ किया जाएगा। इस सात दिवसीय कथा में श्रद्धालुजन श्रीमद् भागवत महात्म्य, ध्रुव-प्रह्लाद चरित्र, बावन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, रुक्मणि विवाह, सुदामा चरित्र तथा भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का रसपान करेंगे। कथा का वाचन श्री श्री 1008 श्री बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से होगा, जो अपनी मधुर वाणी और गूढ़ व्याख्यानों से श्रोताओं को भक्ति और भावनाओं के सागर में डुबो देंगे। कथा के यज्ञाचार्य पंडित रामसुशील शर्मा शास्त्री होंगे, जो वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञ और पूजन संपन्न कराएंगे।
प्रत्येक दिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक कथा का आयोजन रहेगा। समापन दिवस 12 नवम्बर को कथा पूर्णाहुति के साथ होगा, जबकि 13 नवम्बर को हवन और भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु सहभागी बनेंगे। इस पावन आयोजन के मुख्य आयोजक व श्रोता सेवानिवृत्त व्याख्याता चन्द्रशेखर वर्मा हैं, जो अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती गायत्री देवी की स्मृति में इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करा रहे हैं। कथा आयोजन में पार्षद आरती गुप्ता, मनोज टीवीएस शोरूम के निदेशक मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, सुरेश, नरेंद्र, जितेंद्र, सुमित, लक्की, विक्की, हिमांशु, गौरव, सौरभ, शिवांशु, अर्पित, अक्षत और कृपानिधान सहित अनेक श्रद्धालुजन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजक चन्द्रशेखर वर्मा एवं मनोज गुप्ता ने समस्त नगरवासियों और धर्मप्रेमियों से विनम्र आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित इस दिव्य कथा में सम्मिलित होकर श्रीमद् भागवत के दिव्य ज्ञान, भक्ति और आनंद का रसपान करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं। यह आयोजन न केवल श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का भी संदेश देता है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए पचमढ़ी रवाना



**शहडोल।** कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 2 से 11 नवंबर तक पचमढ़ी में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के 71 जिला अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। शहडोल जिले से कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए पचमढ़ी रवाना हुए। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी नेतृत्व संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क रणनीति, कैडर मैनेजमेंट और राजनीतिक चुनौतियों पर मार्गदर्शन देगा। विशेष बात यह है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी शिविर में एक दिन उपस्थित रहकर जिलाध्यक्षों को संबोधित करेंगे तथा उनसे वन-टू-वन चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सचिन राव, जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत और अन्य वरिष्ठ नेता प्रशिक्षण सत्रों का संचालन करेंगे। अजय अवस्थी ने रवाना होते समय कहा कि यह शिविर संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा, जिससे जिले और प्रदेश में कांग्रेस को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**ब्यौहारी सिविल अस्पताल का हाल बेहाल**

# ड्यूटी छोड़ मेडिकल दुकान में बैठकर मरीज देख रहे डॉक्टर, वीडियो वायरल



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी सिविल अस्पताल की लचर व्यवस्था एक बार फिर सुर्खियों में है। अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों की मनमानी और लापरवाही अब खुलकर सामने आ गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में सिविल अस्पताल के डॉक्टर राघवेन्द्र सिंह को अस्पताल छोडक़र सामने की सारांश मेडिकल स्टोर में बैठकर मरीजों को देखते और फीस लेते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वीडियो में डॉक्टर साहब ड्यूटी टाइम में अस्पताल की ओपीडी से नदारद होकर निजी मेडिकल दुकान में मरीजों का इलाज करते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि डॉक्टर न केवल मरीजों से फीस वसूल रहे हैं, बल्कि उन्हें उसी मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने का परोक्ष दबाव भी बना रहे हैं, जिससे दवा दुकानदार और कंपनियों को सीधा फायदा पहुंच रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल के नाम पर यह खुली लूट लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। स्थानीय निवासी रोशन सिंह, जिन्होंने यह वीडियो बनाया, ने बताया कि वह 29 अक्टूबर की रात अपनी बीमार पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर ड्यूटी कक्ष में नहीं मिले। स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर सामने मेडिकल दुकान में हैं। जब वे वहां पहुंचे तो डॉक्टर ने वहीं पर पर्चा लिखा और जांच व दवाओं के नाम बता दिए।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस गंभीर अनियमितता पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला इसी मार्ग से कई बार गुजरते हैं, तब भी ब्यौहारी अस्पताल की ऐसी स्थिति चिंताजनक है। जनता ने मांग की है कि दोषी डॉक्टर पर तत्काल निलंबन और जांच कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी अस्पतालों की विश्वसनीयता बची रहे।

# देव प्रबोधनी एकादशी पर श्रीराम पथगमन मार्ग हुआ दीपमालाओं से आलोकित



**विधायक व कलेक्टर ने सीतामढ़ी गंधिया में किया दीपदान व पूजा-अर्चना**

**शहडोल।** देव प्रबोधनी एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के वनगमन मार्ग पर चित्रकूट से अमरकंटक तक दीपमालाओं से प्रदेश की धरती आलोकित हो उठी। इसी क्रम में जिले के जयसिंहनगर जनपद के ग्राम गांधिया स्थित सीतामढ़ी में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक शरद कोल एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने भगवान श्रीराम के चरणों की स्मृति में दीपदान एवं पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, एसडीएम जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह, सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान उमरिया जिले के दशरथ घाट से चलकर सीतामढ़ी (गांधिया) में विश्राम किया था। इसी पावन स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से श्रीराम पथगमन मार्ग पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय आलोक से जगमगा उठा।

# 300 ग्राम गांजा सहित महिला गिरफ्तार

शहडोल। जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। थाना अमलाई पुलिस ने शनिवार को एनडीपीएस एक्ट के तहत एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, 1 नवंबर 2025 को अमलाई पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चीफ हाउस स्थित दुकान में एक महिला अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखी हुई है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जे.पी. शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी करते हुए दबिश दी।

दुकान की तलाशी के दौरान पुलिस ने राजकुमारी उर्फ मुस्कान बेगम पति मोहम्मद फरीद उर्फ अज्जू आयु 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 27, चीफ हाउस, अमलाई के कब्जे से कुल 300 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके पर ही गांजा को जब्त करते हुए आरोपिया के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक महेंद्र शुक्ला, सउनि करतार सिंह, सउनि अजमेर, प्र.आर. ठाकुरदास, महिला आरक्षक कीर्ति मरावी और आरक्षक मयंक मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सिंहपुर, गोहपारू, अमलाई में जुआ खेलते 19 आरोपी गिरफ्तार

शहडोल।

जिले में जुआ खेलने वालों पर पुलिस का शिकंजा कस गया है। तीन थाना क्षेत्रों में एक ही दिन की गई अलग-अलग कार्रवाई में पुलिस ने कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों स्थानों से ताश की गड्डियाँ और नगदी रकम जब्त की गई है।

### सिंहपुर थाना क्षेत्र में कार्रवाई

सिंहपुर पुलिस ने 1 नवंबर 2025 को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम उधिया ठाढ़ीपाथर सिंहपुर में दबिश दी। पुलिस ने मौके से सुधाकर शुक्ला, राकेश यादव, मुकेश चौधरी और नन्हू बैगा को जुआ खेलते हुए पकड़ा। इनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते और ?2300 नगद बरामद किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गोहपारू थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर छापा

गोहपारू पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गोहपारू में तालाब के पास पानी टंकी के नीचे और पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर कमलभान सिंह, शोभनाथ यादव, सुमित उर्फ गोलू सिंह, सुनील केवट, बालकरण केवट, सुरेश केवट और उमेश केवट को पकड़ लिया। उनके पास से 52 ताश के पत्ते और कुल 3190 नकद बरामद किए गए। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### अमलाई पुलिस की टीम ने भी मारी दबिश

अमलाई थाना पुलिस ने 2 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम अमलाई चीफ हाउस के पास दबिश दी। पुलिस ने मौके से रामचंद्र रैदास, मोहन पटेल, मोहम्मद रसीद, शिव चौधरी, अमित कुमार, महेंद्र शर्मा, जय मलिक और सूरज चौधरी को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। इनके पास से 52 ताश के पत्ते और 4110 नगद जब्त किए गए। तीनों थानों की कार्रवाई से जुआरियों में हडक़ंप मचा हुआ है। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध जुआ गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और आगे भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्थापना दिवस पर खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से गूंजा शहडोल

### रेलवे मैदान में खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच, युवा टीम रही विजेता



**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में चल रहे तीन दिवसीय आयोजनों के दूसरे दिन शनिवार को संभागीय मुख्यालय शहडोल के रेलवे खेल मैदान में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।


नगर के पुराने और नए खिलाडिय़ों की दो टीमों के मध्य खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में खेल भावना और सौहार्द का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में उपस्थित रहकर खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। कड़े संघर्ष के बाद युवा टीम ने विजयश्री प्राप्त की। इस सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन सहायक संचालक खेल रईस अहमद के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कोऑर्डिनेटर अजय सोंधिया, क्रिकेट कोच अभिषेक सिंह चौहान और सुभद्रा सिंह की विशेष उपस्थिति रही। स्थापना दिवस के अवसर पर खेल गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विद्यार्थी खूब पढ़ें, देश के विकास में बनें सहभागी: विधायक

**विद्यार्थी ही राष्ट्र के भविष्य के सच्चे निर्माता: कलेक्टर**

**डाइट परिसर में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना एवं छात्रावास दिवस**





**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित डाइट परिसर शहडोल में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमारे गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और एकता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।

विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश, साइकिल, लैपटॉप और ई-स्कूटी जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें तथा प्रदेश और देश के विकास में सहभागी बनें।

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश देश का 18वां राज्य बना था और तब से यह निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे दृढ़ संकल्प और अनुशासन के साथ अध्ययन करें, क्योंकि विद्यार्थी ही राष्ट्र के भविष्य के सच्चे निर्माता हैं। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताए, वहीं सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास और समय प्रबंधन पर बल दिया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य आनंद राय सिन्हा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, जिला समन्वयक विवेक पांडेय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर लगाई गई हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी

# कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने फीता काटकर किया शुभारंभ







मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के दूसरे दिन कलेक्टर कार्यालय के सामने जिला प्रशासन व्दारा हितग्राही मूलक योजनाओं की दो दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका शुभारंभ कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह तथा आसुतोष अग्रवाल ने फीता काटकर तथा सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया ।

उमरिया।

इस दौरान उन्होने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह प्रदर्शनी 3 नवंबर तक जारी रहेगी ।

प्रदर्शनी में स्वास्थ्य विभाग व्दारा मन क्लीनिक,उमंग क्लीनिक के माध्यम से प्रदाय की जा रही मेंटल हेल्थ, कैरियर, विवाह पूर्व परामर्श, शरीर मे हो रहे परिर्वतन , आयुष विभाग व्दारा आयुर्वेदिक दवाईयां,जन जातीय कार्य विभाग व्दारा पीएम जन मन योजना के तहत सबको पक्का घर,नल से जल, हर घर बिजली, कौशल विकास, दूरस्थ ग्राम तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, आदि कर्म योगी, धरती आबा जन भागीदारी अभियान, उद्यानिकी विभाग व्दारा सब्जी एवं नर्सरी, ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं व्दारा प्राकृतिक खेती , ब्रम्हास्त्र, जीवामृत, केचुआ खाद, जैविक खाद, मुनगा पाउडर,घन जीवामृत , कृषि विभाग व्दारा मसूर की उन्नत खेती,धान की उन्नत खेती, जैविक खेती के महत्व, चना उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक, उन्नत कृषि कार्य ,चने की वैज्ञानिक तकनीक से खेती, प्राकृतिक खेती, रोजगार विभाग व्दारा कास्मेटिक सामग्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग व्दारा जल स्त्रोतो की रक्षा, जीवन की सुरक्षा, जल स्व्च्छता समिति को मजबूत बनाना -जन जन तक जल पहुंचाना, गांव का पानी गांव का धन, नियमित पानी की जांच , स्वास्थ्य पर आए न कोई आंच आदि की प्रदर्शनी लगाई गई है ।

इस अवसर पर जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेत्री रोशनी सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज



मानपुर।

लोकतंत्र में जनता की आवाज़ उठाने वालों को अगर साजिशन अपराधी बना दिया जाए, तो यह शासन की नहीं, तानाशाही की निशानी है। ऐसा ही मामला सामने आया है मानपुर तहसील के ग्राम मझौली के चहली मोड़ से, जहां सडक़ निर्माण को लेकर चल रहा ग्रामीणों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन अचानक पुलिस कार्रवाई की भेंट चढ़ गया।

ताला से पनपथा मार्ग के वन क्षेत्र से होकर सडक़ निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। इसी दौरान कांग्रेस की फायरब्रांड नेता, पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं जनपद सदस्य सुश्री रोशनी सिंह ग्रामीणों के आमंत्रण पर मौके पर पहुंचीं और जनता की जायज मांगों का समर्थन किया। पुलिस ने इसे अवैध धरना-प्रदर्शन बताते हुए रोशनी सिंह सहित जनपद सदस्य रमाकांत पांडे, रमेश चौधरी, रामनरेश राय, मोतीलाल जायसवाल एवं 30 से 35 ग्रामीणों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 189(2) और 126(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामले को लेकर सुश्री सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार और प्रशासन मिलकर गरीब, आदिवासी और किसान की आवाज़ को कुचलने का काम कर रहे हैं। यह लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि उन तमाम आम लोगों की है, जिनका हक़ सत्ता और माफियाओं की मिलीभगत से छीना जा रहा है। मुझे झूठे मामलों से डराया नहीं जा सकता, जब तक मेरी जान है, मैं जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहूंगी, रोशनी सिंह ने दृढ़ स्वर में कहा।

कांग्रेस नेत्री के इन आरोपों ने जिला प्रशासन और शासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या वाकई लोकतंत्र में जनता की आवाज़ उठाना अपराध बन गया है? अब देखना यह होगा कि मानपुर की इस सडक़ और सच की लड़ाई में जीत किसकी होती है।

# तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारो की लगाई गई डयूटी

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल व्दारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है ।जारी कार्यक्रम अनुसार 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ व्दारा अपने मतदान केंद्र क्षेत्रांतर्गत मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण, वापसी का कार्य संपन्न कराया जाना है ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य हेतु बीएलओ व्दारा घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण, वापसी के दौरान बीएलओ की मानीटरिंग हेतु विधानसभावार, मतदान केंद्रवार तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की ड्युटी लगाई है।

बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ अंतर्गत चंदिया तहसील के लिए तहसीलदार बिलासपुर शेषमणि शर्मा, नायब तहसीलदार बिलासपुर कर्तव्य अग्रवाल, नायब तहसीलदार चंदिया कौशल सिंह, बांधवगढ तहसील के लिए नायब तहसीलदार विनोद वर्मा, तहसीलदार करकेली के डी पनिका, नायब तहसीलदार नजूल दहायक, नौरोजाबाद तहसील के लिए नायब तहसीलदार करकेली आंचल अग्रवाल, नायब तहसीलदार नौरोजाबाद राम सिंह धुर्वे, मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मानपुर के लिए तहसीलदार मानपुर सतीश सोनी, नायब तहसीलदार रामलाल पनिका, नायब तहसीलदार रणमत सिंह तथा पाली तहसील के लिए नायब तहसीलदार पाली संतोष चौधरी तथा नायब तहसीलदार सनत कुमार की ड्युटी लगाई है।

उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक अपने आवंटित मतदान केन्द्रों के बीएलओ सुपरवाईजर/नोडल अधिकारी के सतत संपर्क रहकर अपने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में गणना पत्रक का वितरण/वापसी कार्य समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करेंगें तथा प्रतिदिन फार्म वितरण/वापसी की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में नोडल अधिकारी से प्राप्त कर संबंधित ई आर ओ, ए ई आर ओ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से दिया सतर्कता का संदेश




हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चल रहे अभियान के तहत मेरा युवा भारत अनूपपुर द्वारा रविवार को विकासखंड जैतहरी के शासकीय मॉडल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन लेखापाल एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शासकीय मॉडल स्कूल जैतहरी के प्राचार्य कमलेश सिंह राठौर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न सरकारी, निजी और सार्वजनिक संस्थानों के माध्यम से समाज में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग से दिनेश सिंह चंदेल, विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन आनंदन सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए सजग रहे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज कोतमा।




देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शादी-विवाह के मौसम के मद्देनजर जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैर सरकारी संगठन होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट हार्ड ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्यवाही की जा सके। साथ ही, जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय थाने को सूचित करे ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हो रहे शादी- ब्याह के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन से सरपंचों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देने की अपील की है। इसके साथ ही संगठन ने आज से ही गांवों और स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान को गति देने का फैसला करते हुए धार्मिक नेताओं से भी इस मौके पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट हार्ड के निदेशक सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के अपने ऐतिहासिक फैसले में जिलों को बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्क रहने को कहा है। हम जिला प्रशासन से सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों पर अमल की मांग कर रहे हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय ने भी वर्ष 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य के साथ 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। आज हम बाल विवाह के खात्मे के मुहाने पर खड़े हैं। हालांकि इस दिशा में हमारे प्रयास अर्से से जारी हैं लेकिन यह एक अहम समय है क्योंकि बहुत सारे परिवार इस शुभ मुहूर्त का उपयोग बच्चों की शादी के लिए करते हैं। इस शुभ मुहूर्त की गरिमा को बनाए रखने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि एक भी बाल विवाह नहीं होने पाए। होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट (हार्ड) बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। संगठन भारत सरकार की ओर से पिछले साल शुरू किए गए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के नक्शेकदम पर पिछले कई वर्षों से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार जमीनी प्रयास कर रहा है। सुरक्षा, बचाव व अभियोजन मॉडल पर अमल करते हुए संगठन स्कूलों, समुदायों व गांवों में जागरूकता अभियान चला रहा है; बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में धार्मिक नेताओं को जोड़ रहा है और अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ करीबी सहयोग से काम कर रहा है। संगठन ने जिला प्रशासन को सभी सरपंचों को यह निर्देश देने को कहा है कि वे अपने गांव में होने जा रहे सभी विवाहों की निगरानी करें और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से अपने इलाके में इन विवाहों की सूची तैयार करें। साथ ही, स्कूलों को भी सतर्क किया जाए कि इन दिनों अगर कोई बच्चा गैरहाजिर है तो वे इसकी वजह पता करें। संगठन ने सभी धार्मिक नेताओं और विवाह समारोह में टेंट, सजावट या बैंड बाजा मुहैया कराने वाले सेवा प्रदाताओं से अनुरोध किया है कि वे सुनिश्चित करें कि वे किसी भी बाल विवाह में अपनी सेवाएं देकर इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006 के अनुसार जो भी किसी भी तरह से बाल विवाह में भागीदारी करता है, सेवाएं प्रदान करता है, इसे संपन्न या निर्देशित करता है, उसे दो साल का सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें वे भी शामिल हैं जो इसे प्रोत्साहित करते हैं, स्वीकृति देते हैं या जानबूझ कर इसकी जानकारी देने में नाकाम रहते हैं जिसमें आयोजक, अतिथि और सेवा प्रदाता भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### जिला परिवार कल्याण अधिकारी ने की स्वास्थ्य सेवाओ की समीक्षा

**उमरिया।** जिला क्रियान्वयन इकाई में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ एस बी चौधरी द्वारा शहरी क्षेत्र उमरिया मे कार्यरत ए एन एम द्वारा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की मासिक समीक्षा की । इस दौरान उन्होने गर्भवती महिलाओं की जाँच, उपचार, तथा संस्थागत प्रसव,उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओ का शीघ्र चिन्हांकन तथा समुचित उपचार के लिए जिला चिकत्सालय में सही समय पर रेफेरल,प्रसव उपरांत उनके जेएसवाई अथवा पीएसवाय का भुगतान,प्रसव उपरांत गृह आधारित नवजात तथा प्रसूतिका की जाँच तथा समुचित उपचार के साथ ही अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे मलेरिया,कुष्ठ, फायलेरया, सिकल सेल, आयुष्मान कार्ड, लगैर संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की।बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री दसन पेंड्राम तथा शहरी सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### शासकीय रणविजय प्रताप सिंह उमरिया में कार्यशाला संपन्न



**उमरिया।** शासकीय महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं अपार आईडी एवं स्वयं पोर्टल से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कार्यशाला संपन्न हुई।इस अवसर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के तहत छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 में अध्यादेश 14(1)जो कि 2025-26 से लागू होने वाली नीति पर विस्तार पूर्वक प्रोफेसर ऋषि राज पुरवार के द्वारा जानकारी प्रदान की गई । उन्होने कहा कि इस दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान भी कार्यशाला में करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विस्तार पूर्वक समझने और जानने का प्रयास करें। इसी क्रम में डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कैसे किया जा सकता है स्वयं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के द्वारा हम क्रेडिट कैसे अर्जित कर सकते हैं विभिन्न विषयों के वीडियो को कैसे देख सकते हैं इन्हीं सभी विषयों को दृष्टिगत रखते हुए तथा अपार आईडी की जानकारी भी विस्तार पूर्वक बताई गई । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे डॉ रमेश प्रसाद कोल, डॉ.श्रद्धा मित्तल, डॉ.रश्मि रानी पटेल, डॉ.प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ.सतीश वर्मा उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को सफलता के लिए सोशल मीडिया से दूरी जरूरी

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कोशिश सेवा समिति कोतमा-कालरी द्वारा बाल शिक्षा निकेतन उत्तर माध्यमिक विद्यालय में किशोर बालक-बालिकाओं हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य विषय रहे मेंटल हेल्थ, सोशल मीडिया का उपयोग-दुरुपयोग एवं साइबर सुरक्षा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य अनिल श्रीवास्तव ने की और इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# बिजुरी पुलिस ने जुआ फड में मारा छापा, पुलिस के शिकंजे में आरोपी

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।



पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अवैध जुआ रेत सट्टा एवं अपराधो में नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना प्रभारी विकास सिंह के द्वारा बिजुरी पुलिस की विशेष टीम गठीत कर रेड कार्यवाही की गई जिसका विवरण इस प्रकार है। जानकारी के मुताबिक 1 नवम्बर की दरम्यानी रात में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बैहाटोला में तिराहा के पास कुछ जुआडियान बिजली के स्ट्रीट लाईट की रोशनी मे जुआ का फड लगाकर ताश पत्तो के माध्यम से रुपयो पैसो का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे है। सूचना की तस्दीक हेतु मुताबिक निर्देश बिजुरी पुलिस द्वारा जुआ फड में रेड कार्यवाही कर जुआडियान बृम्हानन्द पिता हेमराम चतुर्वेदी उम्र 40 वर्ष निवासी गिरारी थाना पेन्ड्रा जिला जीपीएम, दीपक सेन पिता लेखराम सेन उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम बैहाटोला, मनोज कुमार पिता गोविन्द प्रसाद कचेर उम्र 54 वर्ष निवासी धनपुरी जिला शहडोल, हरीश जायसवाल पिता लल्लू जायसवाल उम्र 58 वर्ष निवासी कटखोरा जिला कोरबा, विनोद कुशवाहा पिता जगदीश सिंह कुशवाहा उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम बैहाटोला, पन्नेलाल पिता फूल सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बैहाटोला, ईश कुमार पिता रिसीराम कचेर उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम बैहाटोला, चेतलाल पिता अमूले पनिका उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बैहाटोला थाना बिजुरी के जुआ फड में जुआ खेलते मिले आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का कायम कर अनुंसधान मे लिया गया। जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 8000 रुपये एवं 4 नग मोटर सायकल बरामद हुए कुल मशरुका 208000 रुपये जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, उनि. मानिम टोप्पो, सउनि उदय प्रजापति, प्र.आर. सतीष मिश्रा आर. लक्ष्मण डांगी, रवि सिंह, सुनील यादव, विश्वजीत मिश्रा, अभिषेक शर्मा, रामनिवास गुर्जर, राकेश चौहान की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### सरकार की नीतियों से मध्यप्रदेश बना तेज गति से विकास करने वाला प्रदेशः विधायक

**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बुढ़ार में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती अमृता गर्ग, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा, कॉलेज प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि मध्यप्रदेश अब तेज़ी से विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश निर्माण के 70 वर्ष पूर्ण होने पर हमें गर्व है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने कृषि, उद्योग, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति में युवाओं की भागीदारी अहम है। विद्यार्थी केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार, अनुशासन और समाजसेवा के मूल्यों को अपनाएं, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा ने स्वागत भाषण में कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नए संकल्पों का दिवस है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश गान से तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए और अतिथियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज परिवार, स्थानीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय जैतपुर में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस



**शहडोल।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी 106 छात्रावासों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आवासीय एकलव्य आदर्श विद्यालय जैतपुर में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जनजातीय संस्कृति पर आधारित शैला और करमा नृत्य, रंगोली, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता को प्रथम गुरु मानें और उनकी सेवा से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे अब शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का भी अवसर मिल रहा है।इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, एसडीएम जैतपुर अमृता गर्ग, एवं एसडीओपी विकास पांडेय ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन में संगठनात्मक बदलाव

**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन (मध्य प्रदेश) की जिला इकाई शहडोल में संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया है। अधिवक्ता राजकुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें जिले के सक्रिय पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया तथा पेंशनर्स के हितों की रक्षा को प्राथमिकता बताया गया। पहले पत्र में डॉ. पद्मानंद तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक 18, बुढ़ार को संबोधित करते हुए उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति निष्ठा की सराहना की गई। प्रदेश संगठन की अनुशंसा पर उन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। संगठन ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनर्स के कल्याण में अपना योगदान देंगे।



# राजकुमार साहू के हत्या का पुलिस ने किया खुलासा दो आरोपी गिरफतार, एक आरोपी की तलाश जारी

ब्यौहारी शहडोल

मध्यप्रदेश के शहडोल जिले अंतर्गत ब्योहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बारह तारीख को ऊफरी के जंगल में एक लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई जिसमें मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू की शुरु की तो मृतक की पहचान राजकुमार साहू वार्ड नंबर चार ब्योहारी की रुप में हुई थी जिसकी जांच को आगे बढ़ाया और नवागत थाना प्रभारी ने बड़ी बूझ और काफी मशक्कत और मेहनत के बाद पुलिस बड़ी सफलता हाथ लगी और मुखबिर सूचना के आधार पर तीन आरोपियों शिनाख्त की गई जिसमें आरोपी विपिन सिंह गोड़,गुरा, रामभजन पाल ग्राम गूरा और अमन पटेल निवासी फूलपुर इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई जिसमें दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## उमंग एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत शासकीय महाविद्यालय में चिकित्सीय परामर्श शिविर का किया गया आयोजन



**बुढार।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में उमंग एवं वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय चिकित्सीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उमंग एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत चिकित्सीय परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का यह आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी एवं बुढ़ार स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सीय टीम द्वारा महाविद्यालयीन छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रों का हीमोग्लोबिन परीक्षण, सिकल सेल एनीमिया टेस्ट, तंबाकू निवारण शपथ एवं आधार आधारित स्वास्थ्य (आभा) कार्ड निर्माण जैसी गतिविधियाँ भी संपन्न की गईं, और इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में महाविद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता निभायी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम में - डॉ. अविनाश सिंह (मेडिकल ऑफिसर, बुढ़ार), डॉ. प्रीति सिंह, श्रीमती रुचि दुबे (जिला समन्वयक, उमंग एवं वेलनेस कार्यक्रम), श्रीमती मीना चौधरी (पोषण आहार विशेषज्ञ), श्रीमती किरण श्रीवास, शिवेंद्र सेन तथा शिवानी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. अनूप सेन ने किया।

इस अवसर पर - महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों व विभागीय जन उपस्थित रहे, जिनमें मुख्यरूप से — डॉ. अनिल उपाध्याय, डॉ. आर.सी.त्रिपाठी, डॉ. विनय कुमार सोनवानी, डॉ. मनोज कुजूर, डॉ.

राधेश्याम नापित, डॉ. दिनेश वर्मा, जयशंकर सिंह, कमलेश प्रजापति, शशि मोहन सेन, दीपक पटेल तथा महाविद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बड़ी धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी जयंती समारोह





ब्यौहारी शहडोल

ब्योहारी नगर में निकली गई विशाल शोभायात्रा सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे नामदेव समाज के लोग

ब्यौहारी शहडोलः शहडोल जिले के ब्योहारी नगर में श्री नामदेव विकास परिषद ब्योहारी के तत्वावधान में संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें देवी मंदिर ब्योहारी से नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा उत्सव पैलेस गांधी मेमोरियल स्कूल न्यू मार्केट ब्योहारी पहुंची जहां संत शिरोमणि नामदेव जी के विचारों पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस कार्यक्रम में श्री नामदेव विकास परिषद ब्योहारी सभी सदस्य एवं सैकड़ों की संख्या लोग शामिल हुए

# देवउठनी एकादशी पर श्रीराधा कृष्ण मंदिर में तुलसी शालिगराम विवाह संपन्न

## नगरवासियों को मिला भगवान जी के बारात में शामिल होने का सौभाग्य







धनपुरी।

श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भगवान शालिगराम व माता तुलसी के विवाहोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। श्री राधा कृष्ण मंदिर में अनवरत चार दशक से तुलसी विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।शनिवार 1 नवंबर रात 9 बजे वार्ड नंबर 5 बिलियन नंबर 1शंकर मंदिर से वार्ड पार्षद एसपी सुकृति सिंह सपरिवार द्वारा श्रीराधा कृष्ण मंदिर धनपुरी के लिए सुसज्जित वाहन में भगवान शालिगराम को विराजित कर बैंडबाजों के साथ भगवान की बारात निकाली गई। जिसमें बैंड बाजा की धुन पर इष्ट मित्रों व नगरवासी बराती बनकर नाचते गाते भगवान शालिगराम जय कारे लगाते मंदिर की ओर बढ़ रहे थे।पांव पखारने की होड़बारात आजाद चौक पहुंची जहां बारातियों ने शालिगराम भगवान की जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे थे राजीव मार्केट होते हुए रंगमंच से होते हुए राधा कृष्ण मंदिर बारात मंदिर द्वार पर पहुंचते ही बारातियों का स्वागत फूल मालाओं से कन्या पक्ष के द्वारा किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर वधु माता तुलसी के पक्ष से अनिल चतुर्वेदी सपरिवार के द्वारा भगवान की बारात की आगवानी की। बड़ी संख्या में बराती उपस्थित थे। भगवान सालिगराम, माता तुलसी जी की शादी के उपरांत पौ पखरी करने के लिए महिलाओं में होड लगी रही भगवान की आरती केः बाद मन्दिर कमेटी ने महाप्रसाद का वितरित किया गया।झूमे-नाचे बारातीसिंहासन में भगवान शालिगराम विराजमान करते विधि विधान से पूजा पाठ अर्चना करते हुए रात 9 बजे बारात निकाली गई बरात में महिलाएं पुरुष बच्चे काफी संख्या में भक्तगढ़ शामिल हुए और अपने को धन्य समझते रहे की भगवान श्री विष्णु जी की बरात में शामिल होने का सौभाग्य मिला। बारात पूरे नगर का भ्रमण करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी नाचते गाते जयकारा लगाते कृष्ण मंदिर पहुंची।बरातियों स्वागततुलसी विवाह में हिंदू धार्मिक संस्था के द्वारा प्रसाद वितरण सभी लोगों को किया गया। मंदिर में पहुंचे बारातियों में बृजवासी अग्रवाल, बृजेश शक्ला, ऋषिशक्ला,राजू अग्रवाल गणेश गुप्ता एसपी सिंह राजेश सोनी राजेश अग्रवाल लक्ष्मन सोनी नवीन जैन अजय जायसवाल अजय अतरौलिया, काफी संख्या में लोग पहुंचे जिनका स्वागत किया गया।मढिया मदिर,धनपुरी नंबर 4 निकले बारातमडिया मंदिर से और धनपुरी नंबर 4 से भी भगवान शालिगराम जी की बारात निकल गई जो श्रीराधाकृष्ण मंदिर पहुंच कर पुनः मढिया मदिर धनपुरी नंबर 4 स्थल में हर्षोल्लास के साथ शालिगराम और तुलसी जी का विवाह संपन्न हुआ।छोटी दिवाली मनीदेवउठनी एकादशी पर्व शनिवार 1 नवंबर को घर घर तुलसी की पूजा के लिए गन्ने का मंडप बनाकर घरों की महिलाओं के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना शाम होते ही हर घर में तुलसी की पूजा किया गया एकादशी व देवउठनी को छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु 4 माह तक सोने के बाद इस दिन जागे थे इस दिन का खास बात यह है कि भगवान विष्णु के जागने के बाद ही माता तुलसी का विवाह हुआ एकादशी का पर्व दीपावली के 11 दिन मनाया जाता है इसी दिन से मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत हो जाती है।

# सड़कों में भर रहा पानी



ब्यौहारी।

ग्राम पंचायत साखी के अंतर्गत जगह जगह सड़कों में पानी भर रहा है ग्राम पंचायत द्वारा पानी की पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं की जा रही है सरपंच सचिव द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जनपद सीईओ से मांग की गई है

### अंधी हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** पुलिस ने एक अंधी हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना ब्यौहारी क्षेत्र के ग्राम उपैचा में 12 अक्टूबर 2025 को अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी। मृतक की पहचान राजकुमार साहू पिता मंगल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4, ग्राम टोहारी के रूप में हुई थी। मृतक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे तथा घटना स्थल के पास खून जमा था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक को पहले घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हुआ। इसके बाद पुलिस ने धारा 103(1), 238 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले। फुटेज में मृतक को घटना से एक दिन पहले रात करीब 2:30 बजे अपने



## बलबहारा हत्याकांड मामले का 15वां आरोपी गिरफतार, साथ में दो नाबालिग भी गिरफ्तार

बुढ़ार।

थाना के केशवाही चौकी के अंतर्गत ग्राम बलबहारा में हुये दोहरे हत्याकांड कड़ी के मामले में अभी तक 15 आरोपियों के साथ दो नाबालिग आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि बलबहारा दोहरे हत्याकांड मामले में 2 नवम्बर को निखिल केवट उर्फ कल्लू पिता राजाराम 19 वर्ष निवासी बटुरा,पूरन पांव उर्फ दादू पिता राम प्रसाद 30 वर्ष निवासी बटूरा, कपिल पांव पिता गोपाल उम्र 18 वर्ष निवासी भमरहा टोला थाना अमलाई और दो नाबालिग आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**24 से भी अधिक है आरोपी 17 हुये गिरफ्तार** – जानकारी के अनुसार बलबहारा दोहरे हत्याकांड में 24 से भी अधिक आरोपी शामिल थे जिसमें अभी तक 15 एवं 2 नाबालिग मिलाकर 17 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# समृद्ध भारत के लिए सप्त शक्ति करें संकल्प-सरिता जैन





बिरसिहपुर पाली

समाज परिवर्तन कर यदि देश को समृद्ध कर सकता है वह केवल मातृ शक्ति ही है। इसी संकल्प के साथ उमरिया जिले के पाली विकासखंड के प्रकाश नगर में स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज 2 नवंबर रविवार को सप्तशती संगम का महोत्सव मनाया गया। श्रीमती लक्ष्मी बाई सरपंच ग्राम पंचायत मलियागुड़ा की अध्यक्षता एवं माननीय श्रीमती सरिता जैन के मुख्य अतिथि में सप्तशती धात्री मातृ शक्तियों की उपस्थिति में पंच परिवर्तन पर्यावरण, सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन आदि विषयों पर श्रीमती ज्योति द्विवेदी जिला वक्ता श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती आशा उपाध्याय जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति द्वारा मातृ शक्ति पर प्रकाश डाला प्रकाश डाला एवं समृद्ध भारत के निर्माण में उनके योगदान को साझा किया। श्रीमती सुधा विश्वकर्मा सदस्य मानवाधिकार आयोग एवं शिक्षिका द्वारा नए भारत की संकल्पना में नारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी की वंदना एवं मातृ शक्तियों का तिलक बंधन कर एवं उपस्थित मुख्य पदाधिकारीओ को बैच लगाकर प्रारंभ किया गया।विद्यालय की बहनों एवं आचार्याओ द्वारा वाद्य यंत्रों का संचालन कर मंच की मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थिति मातृ शक्तियों को मंत्र मुक्त कर दिया। श्रीमती कौशल्या चक्रवर्ती जिला संयोजिका सप्त शक्ति संगम जिला उमरिया द्वारा सप्तशक्ति की सार्थकता प्रस्तुत कर समृद्ध भारत के लिए संकल्प के उपरांत सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिष्ठित मातृ शक्तियों के साथ विद्यालय परिवार के सभी आचार्याओं का योगदान सराहनीय रहा। सप्तशती संगम में समाज की विशिष्ट समाज सेविका श्रीमती माधुरी सिंह एवं श्रीमती अमरिया नायक जी को सम्मानित किया गया।

# जिले की रिलायंस जूनियर बालिका फुटबॉल टीम इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट सिंगरौली में कर रही उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन

बुढार।



इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट का आयोजन सिंगरौली में किया गया है जहां रिलायंस बालिका जूनियर फुटबॉल टीम इन दिनों अपना उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर रहे हैं।

टूर्नामेंट में सहभागिता निभाने शहडोल जिले की रिलायंस जूनियर बालिका फुटबॉल टीम गत दिनों प्रस्थित हुई और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामना देते हुये टीम को प्रस्थित कराया गया है।

जिला फुटबॉल संघ सिंगरौली द्वारा मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ जबलपुर एवं ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के मार्गदर्शन में जूनियर बालिका इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल टूर्नामेंट का यह आयोजन 2 नवंबर से प्रारंभ हुआ जो 6 नवंबर तक सिंगरौली में होगा, और इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। जिला फुटबॉल संघ शहडोल द्वारा 18 सदस्यीय रिलायंस जूनियर बालिका टीम को सिंगरौली हेतु रवाना किया गया, और इस टीम में 14 खिलाड़ी रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर (कंचनपुर, धुरवार, धनगवां एवं देवरी) से तथा 3 खिलाड़ी ज्ञानोदय विद्यालय से तथा 1 खिलाड़ी विचारपुर से चयनित रहे।

फुटबॉल खिलाड़ी टीम के साथ राजू बैगा (कोच, धनगवां ट्रेनिंग सेंटर) टीम मैनेजर के रूप में यशोदा सिंह (कोच, कंचनपुर ट्रेनिंग सेंटर) भी प्रस्थित हुये जो कोच की भूमिका निभायेंगे, वही सीताराम साहिश, लक्ष्मी साहिश, रजनी सिंह एवं संजय सिंह टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका में अपनी सहभागिता निभायेंगे।

खिलाड़ियों को सिंगरौली के लिये प्रस्थित कराते समय - रईस अहमद (सचिव, जिला फुटबॉल संघ एवं सहायक संचालक खेल), राजीव श्रीवास्तव (सी.एस.आर. हेड, रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट), डॉ. समीम ख़ान, वीरेंद्र प्रजापति एवं राजकुमार डोलिया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

स्मरणीय हो कि - जुलाई माह में रिलायंस सब जूनियर बालिका टीम ने जिला फुटबॉल संघ के माध्यम से महू (इंदौर) में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके परिणामस्वरूप शहडोल की 5 बालिकाओं का चयन मध्य प्रदेश टीम में हुआ था, इन खिलाड़ियों ने तत्पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जोरहाट (असम) में राज्य का प्रतिनिधित्व किया था, और इस बार भी टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त करते हुए जिला फुटबॉल संघ शहडोल एवं रिलायंस फाउंडेशन सी.बी.एम. प्रोजेक्ट ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### 51 हजार दीपों की रोशनी से खिल उठी पवित्र नगरी की सुंदरता

# 70 वें मप्र स्थापना दिवस व एकादशी पर मां नर्मदा की महाआरती से अमरकंटक हुआ नर्मदामय

**मंत्री, कलेक्टर, संत समाज सहित हजारों श्रद्धालुओं ने की सहभागिता**

**अमरकंटक में दिखा संगीत और आध्यात्मिकता का दिव्य संगम**

70वें मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को अमरकंटक के मां नर्मदा नदी के उत्तर एवं दक्षिण तट पर 51 हजार दीपों का प्रज्वलन किया गया। दीपों की मनोहर रोशनी से पूरा नर्मदा घाट दिव्य, भव्य एवं अलौकिक आभा से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर भगवान राम तथा उनका धनुष-बाण, मध्य प्रदेश का नक्शा और विविध आकर्षक रंगोलियों का सृजन कर घाट को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धा, संस्कृति और सौंदर्य का संगम बना यह आयोजन जन-भागीदारी और नर्मदा आराधना की भावना को और सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ।
















हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

अमरकंटक। 70वें मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी के अवसर पर अमरकंटक में मां नर्मदा की भव्य महाआरती वैदिक स्वास्तिवाचन के साथ संपन्न हुई। आरती में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुजारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा की आरती की। दीपों की रौशनी और मंत्रोच्चार से सम्पूर्ण अमरकंटक का वातावरण नर्मदामय और आध्यात्मिक हो उठा। मां नर्मदा की आरती में सभी नागरिकों ने सहभागिता कर भक्ति, श्रद्धा और सौहार्द का अनूठा संदेश दिया। आरती के दौरान घाट पर भव्य दीपोत्सव का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक और अविस्मरणीय बन गया।

**मध्य प्रदेश में मां नर्मदा की असीम कृपा- राज्य मंत्री**

इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि अमरकंटक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक तथा पर्यटन दृष्टि से तीर्थराज के रूप में विख्यात है। यहीं से मां नर्मदा का उद्गम होता है तथा मां नर्मदा का मध्य प्रदेश में असीम कृपा है और जहां-जहां मां नर्मदा प्रवाहित हुई हैं, वहां धन, धान्य और समृद्धि की कमी नहीं रही। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। हमारी डबल इंजन की सरकार की नीति और नियत दोनों ही पूर्णतः पारदर्शी हैं। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल शनिवार को 70 वें मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी के अवसर पर अमरकंटक में आयोजित मां नर्मदा की महाआरती एवं दीपोत्सव पर्व को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने सभी नागरिकों को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मैं मां नर्मदा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी कृपा सभी पर बनी रहे। श्री जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार वाराणसी में मां गंगा और हरिद्वार में भगवान हरि की आरती भव्य स्वरूप में संपन्न होती है, उसी तरह अमरकंटक में मां नर्मदा की महाआरती को भी वृहद और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक धार्मिक एवं पर्यटन नगरी दोनों ही रूपों में प्रसिद्ध है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालु मां नर्मदा की महा आरती के अलौकिक दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करें। इसके लिए जिला प्रशासन को विशेष पहल करनी चाहिए। राज्य मंत्री ने जिला प्रशासन के इस दीपोत्सव कार्यक्रम की सराहना भी की।

**मां नर्मदा महाआरती आस्था और आध्यात्मिकता का प्रतीक- कलेक्टर**

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि आज का दीपोत्सव कार्यक्रम एवं मां नर्मदा की महाआरती आध्यात्मिक और अलौकिक अनुभव का प्रतीक है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया कि वे आगे आकर नर्मदा तट पर इसी प्रकार की भव्य महाआरती के आयोजन में सहभागिता करें तथा उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि मां नर्मदा की महाआरती से आम लोग जुड़े। कलेक्टर श्री पंचोली ने बताया कि मां नर्मदा घाट का विकास प्रसाद योजना के तहत किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत झूला पुल का निर्माण एवं घाट का वृहद रूप से सौंदर्यीकरण कराया गया है, ताकि श्रद्धालु बेहतर सुविधाओं के साथ आराधना कर सकें। कार्यक्रम को अध्यक्ष अमरकंटक संत मंडल महामंडलेश्वर श्री स्वामी रामभूषण दास जी महाराज ने भी संबोधित किया।

**राज्य मंत्री एवं कलेक्टर ने पूज्य संतों का किया सम्मान**

राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने महामंडलेश्वर राम भूषण दास जी महाराज, शांति कुटी आश्रम, स्वामी जगदिशानंद जी कल्याण आश्रम, नर्मदानंद गिरी जी महाराज गीता स्वाध्याय आश्रम, स्वामी महेश चेतन्य जी तुरीय आश्रम, अखिलेश्वर दास कामदगिरि आश्रम योगेश जी मृत्युंजय आश्रम, रामनरेश जी शास्त्री मार्कण्डेय आश्रम, माँ नर्मदा मंदिर पुजारी नीलू महाराज, बंटी महाराज, वंदे महाराज एव समस्त संत मंडल सहित अमरकंटक क्षेत्र के अन्य पूज्य संतों एवं मां नर्मदा मंदिर के पुजारियों का सम्मान किया। उन्होंने संतजनों को साल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन व्यक्त किया। यह सम्मान समारोह श्रद्धा, परंपरा और संस्कृति के सम्मान का प्रतीक बना, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा आयोजन की नोडल अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम,जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम,विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि गण, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, स्थानीयजन,बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**दीपोत्सव में भक्ति रस से सराबोर हुआ अमरकंटक**

जिला प्रशासन अनूपपुर एवं श्री रामचंद्र पाठ गण न्यास मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के द्वारा आयोजित भव्य दीपोत्सव में जबलपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष अग्रवाल ने अपनी मधुर वाणी से ऐसा भक्ति रस घोला कि माँ नर्मदा का तट भाव-विभोर हो उठा। उन्होंने माँ नर्मदा को प्रणाम करते हुए "कैकई खो दोष लगाए रे..." भजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके स्वर से निकले राम नामी शब्दों ने श्रोताओं के हृदय को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। रात के बढ़ते कोहरे और ठंडी हवाओं के बीच जब अंतिम प्रस्तुति "बिना राम के..." के स्वर गूंजे, तो हर श्रोता के चेहरे पर भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम झलक उठा।

**4100 दीपों से जगमगाया खूंटा टोला का सिद्ध आश्रम**

जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत छाता पटपर के खूंटा टोला स्थित प्रसिद्ध सिद्ध आश्रम में देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर इस वर्ष भी परंपरागत दीपक महोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। संध्या होते ही श्रद्धा और भक्ति के माहौल में 4100 दीपकों की ज्योति से पूरा आश्रम परिसर आलोकित हो उठा। दीपों की चमक से मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। हर दिशा से आती दीप ज्योति की लहरों ने सिद्ध आश्रम को प्रकाश से नहला दिया। ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने परिवार सहित इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान श्री हरि के जागरण एवं पूजा-अर्चना में भाग लिया। भक्तों ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन किए और धार्मिक वातावरण में आस्था की अनोखी छटा बिखरी। सिद्ध आश्रम का यह दृश्य इतना मनमोहक था कि हर देखने वाला इसे देखकर मंत्रमुग्ध हो गया। दीपों की रौशनी से जगमगाता आश्रम इस अवसर पर सचमुच "मिनी अयोध्या" की तरह प्रतीत हो रहा था। दूर-दूर के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसा भव्य दीपोत्सव देखने का सौभाग्य कम ही मिलता है। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, युवा वर्ग, महिलाएँ एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सबने मिलकर आस्था, एकता और प्रकाश का यह संदेश दिया कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, एक दीपक भी उसे मिटा सकता है। सिद्ध आश्रम का यह दीपोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों की एक मिसाल भी बना।

# भोलगढ़ के पास टायर फटने से पलटा डीजल पेट्रोल से भरा टैंकर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



शनिवार की रात करीब 8 बजे नेशनल हाईवे 43 शहडोल से कोतमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम पसला के पहले कोतमा की ओर जा रहे डीजल एवं पेट्रोल से भरा टैंकर एमपी 04 जीबी 0227 के अचानक टायर फटने से पलट गया और टैंकर में भरा डीजल बड़ी मात्रा में सड़क पर गिरकर बहने लगा। राष्ट्रीय रराजमार्ग से गुजर रहे नागरिक ने जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान जी को दी। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान स्वयं तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे जिनके साथ एस.डी.ओ.पी.अनूपपुर सुमित केरकट्टा, टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन एवं थाना कोतवाली तथा थाना यातायात के पुलिस बल की तत्परता पूर्वक कार्यवाही से बड़ी दुर्घटना टल गई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के मौके पर उपस्थित होकर दिये गये निर्देशन में तत्काल दो फायर ब्रिगेड एवं दो हायड्रा क्रेन मौके पर पहुंचाई जाकर सावधानीपूर्वक डीजल - पेट्रोल के टैंकर को खड़ा किया जाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया एवं उक्त अवधि के लिए नेशनल हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया, जिससे किसी प्रकार की कोई जन एवं धन हानि नही हो पाई। टैंकर के चालक चन्द्रभान ठाकुर पिता रामसिहं ठाकुर उम्र 21 साल निवासी ग्राम हरदुआ पानी थाना तेन्दूखेड़ा जिला दमोह के द्वारा बताया गया कि वह टैंकर को जबलपुर डिपो से लेकर कोतमा जा रहा था जो ग्राम भोलगढ़ के पास नेशनल हाईवे पर अचानक दो टायर फटने से टैंकर पलट गया जो ड्रायवर और क्लीनर ने टैंकर से कूदकर अपनी जान बचाई। टैंकर से तेजी से बड़ी मात्रा में डीजल सड़क पर गिरने लगा जो अनूपपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मदद दी जिससे कोई बड़ी दुर्घटना एवं आगजनी नहीं हो सकी।

### थानगांव में अवैध शिकार के पहले ही धरे गये पांच शिकारी

# छत्तीसगढ़ से भी आये थे आरोपी, वन विभाग ने जप्त की सामग्री, भेजे गये जेल



**अनूपपुर।** बिजुरी वन परिक्षेत्र के वनविभाग द्वारा थानगांव में जंगल के मध्य वन्यजीवों के अवैध शिकार के उद्देश्य से जीआई तार के माध्यम से फैलाए गए जाल की सूचना मिलने पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सामग्री जप्त की है पांचो आरोपी न्यायालय के आदेश पर जेल भेजे गए। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी पवन कुमार ताम्रकार ने बताया कि वन परिक्षेत्र बिजुरी अंतर्गत थानगांव बीट के ग्राम थानगांव अंतर्गत डोंगरीटोला में गांव के किनारे स्थित ट्रांसफार्मर से लेकर वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 521 के मुनारा क्रमांक 74 से होकर गुप्ता प्रसाद कोल के खेत तक अज्ञात आरोपियों द्वारा जीआई तार में लकड़ी की खूंटी एवं कांच की बोतले बांधकर अवैध रूप से वन प्राणियों के शिकार के उद्देश्य जाल फैलाया रहा है जिसकी सूचना मिलने पर आकस्मिक स्थल निरीक्षण दौरान पांच आरोपियों को डांग स्कार्ट शहडोल एवं स्थानीय सूत्रों की मदद से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है, अवैध शिकार के प्रयास में पड़ोस के छत्तीसगढ़ राज्य के भी आरोपी सम्मिलित रहे। इस क्षेत्र में तेंदुआ, भालू, जंगली सुअर के साथ कई वन्यप्राणी विचरण करते हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पूर्व में भी आरोपियों द्वारा जीआई तार का जाल बिछा कर बिजली करंट के माध्यम से वन्यप्राणियों के शिकार की कोशिश की गई रही। आरोपियों में शुभ सिंह उर्फ लल्ला पिता राय सिंह 25 वर्ष,बुद्धसेन सिंह उर्फ भोलू पिता नवल सिंह गोंड 23 वर्ष दोनों निवासी डोंगरीटोला थाना बिजुरी, विजेंद्र सिंह पिता हरमंगल सिंह गोंड 45 वर्ष, महादेव सिंह उर्फ बिट्टू पिता बिरझू 21 वर्ष एवं संतोष सिंह पिता मोहरशाय सिंह 36 वर्ष सभी निवासी खोचापारा (मुक्तियारपारा) थाना पोंडी (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर इनके पास से अवैध शिकार के प्रयास के लिए लगाए गए आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत वन अपराध दर्ज किया जाकर आरोपियों के पास से जीआई तार, खूंटी एवं कांच की शीशिया बरामद की गई है। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिए जाने पर उपवन मंडलाधिकारी अनूपपुर प्रीतेश राव पखाले के निर्देशन में कार्रवाई की गई गिरफ्तार किए गए आरोपियों को कोतमा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया। कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक बिजुरी सतीश कुमार बैगा,वनरक्षक सुनील बैगा,आशीष द्विवेदी, सुनीता मसराम, साधना सिंह, अनिल केवट के साथ सुरक्षा श्रमिक मदन यादव, राघवेंद्र सिंह, ददन यादव की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# बदरा मे तेज रफ्तार मारुति और बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** शनिवार शाम 7 बजे के आसपास अनूपपुर तरफ से आ रही तेज मारुति कर ने बाइक सवार रूपेश साहू उम्र 45 वर्ष निवासी भालूमाड़ा को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर बाइक सवार की सर में गंभीर चोट लगने कारण मृत्यु हो गई। घटना के बाद सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई जिस घर वालों को सूचित करके बुलाया गया एवं पुलिस भालूमाड़ा थाना द्वारा जांच शुरू कर दी गई। स्थानीय निवासी द्वारा बताया गया कि जमुना गेट से लेकर श्रमिक नगर तक आवास एवं दुकान बने हुए हैं जिससे लोगों की भीड़ बनी रहती हैं और घर की मवेशी रोड पर आती-जाते रहते हैं ऐसी घटनाएं दिन-ब-दिन छुटपुट घटनाएं होती जा रही हैं डिवाइडर रोड के बारे में कई बार बोला गया परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया जबकि जमुना गेट से श्रमिक नगर तक डिवाइडर रोड की बहुत ही आवश्यकता है।

# संत शिरोमणि श्री नामदेव जी की जयंती समारोह का आयोजन संपन्न

**कार्यक्रम मे मंत्री ने की नामदेव समाज के मंदिर निर्माण की घोशणा**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्री बूढ़ी माता मंदिर बनिया टोला में 2 नवंबर रविवार को धूमधाम के साथ आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम संत शिरोमणि श्री नामदेव जी का पूजन अर्चन किया गया उसके पश्चात बाजे गाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में नामदेव समाज के भाई-बहन बंधु उपस्थित थे। शोभा यात्रा बूढ़ी माता मंदिर के द्वार से बनिया टोला के रास्ते श्री ठाकुर बाबा मंदिर से होते हुए मंदिर में वापस आई शोभा यात्रा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में समाज के भाई बंधु बहनें माताएं सभी ने भंडारे का प्रसाद भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री दिलीप जायसवाल मंत्री मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग, अजय सराफ नगर पालिका अध्यक्ष कोतमा, पुष्पेंद्र जैन, उमेश व्यौहार पहुंचे जहां मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने नामदेव समाज के आयोजन मे बेहतरीन व्यवस्था को देखकर अत्यंत हर्षित हुये। इस दौरान दिलीप जायसवाल ने नामदेव समाज के मंदिर का उत्थान करने का विशेष उद्बोधन देते हुए घोषणा की कि शीघ्र नामदेव समाज के मंदिर का निर्माण उनके द्वारा मद से करवाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नामदेव समाज के रामस्वरूप नामदेव, विवेकानंद नामदेव, रामबली नामदेव, पंकज नामदेव, राजन नामदेव, धनु लाल नामदेव, मृत्युंजय नामदेव, पुरुषोत्तम नामदेव, बबलू नामदेव, राकेश नामदेव, शिक्षक रविशंकर नामदेव, अखिलेश कुमार नामदेव मीडिया प्रभारी, अमन नामदेव शिवम नामदेव की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था प्रकाश कुमार नामदेव एडवोकेट एवं ऋषि कुमार नामदेव जी द्वारा की गई।

# दामिनी माइंस के वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र सिंह तोमर के सेवानिवृत्ति होने पर दी गई भावपूर्ण विदाई

**साल श्री फल एवं पुष्प माला से किया गया स्वागत, साथियों ने उनके अनुभवों को किया साझा**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कोयला उद्योग में तीन दशक से अधिक सेवाएं देने वाले एसईसीएल सुहागपुर क्षेत्र की दामिनी माइंस में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र सिंह तोमर के 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत्ति होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनके सेवाकल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्री तोमर ने हमेशा अपने कौशल से उद्योग को सशक्त करने और अधीनस्थों को सहज व सरल स्वभाव के साथ कार्य क्षेत्र में तटस्थ रहने का जो मार्गदर्शन दिया वह अतुलनीय रहेगा। विदाई समारोह में उनके समधि कमलेश सिंह चंदेल के साथ पहुंचे उनके बड़े भाई अनूपपुर जिले के वरिष्ठ समाज सेवी व शिक्षाविद जितेंद्र सिंह ने कहां की किसी भी विभाग में अपने जीवन का वह अमूल्य समय देकर उसे सशक्त करना व्यक्ति के स्वभाव पर निर्भर करता है और वही स्वभाव समाज एवं कार्य क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक होता है रविंद्र सिंह तोमर ने एसईसीएल में उन कठिन परिस्थितियों के समय कोयला उद्योग में सेवाएं प्रारंभ की जब संसाधनों की कमी थी और उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ण करना संभव नहीं होता था लेकिन अपनी कार्य कुशलता की बदौलत प्रबंधन से मिली जिम्मेदारी का उन्होंने बखूबी निर्वहन किया आज सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके साथियों ने जो सम्मान दिया है वह उनके जीवन की पूंजी है और ऐसा सम्मान विदाई समारोह के दौरान बहुत ही कम लोगों को मिलता है।

**ओवरमैन के पद पर हुई पहली नियुक्ति**

रविंद्र तोमर ने 1984 में शहडोल पॉलिटेक्निक कॉलेज से माइनिंग डिप्लोमा में प्रवेश लिया और 1987 में उत्तीर्ण किया। इसके बाद 1989 में पीडीपी ट्रेनिंग पाथाखेड़ा से पूर्ण की। उन्हें 24 जनवरी 1991 को पाथाखेड़ा में माइनिंग सरदार/ओवरमैन के रूप में पहली नियुक्ति मिली। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने सुहागपुर क्षेत्र की नौगांव माइंस (2006-2010), राजेंद्र माइंस (2010-2016), खैरा माइंस (2016-2019) और दामिनी माइंस (2019-2025) में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**समारोह में यह रहे उपस्थित**

सेवानिवृत्ति समारोह में खान प्रबंधक राजेश खमरिया, के. सिंह, जयकुमार सिंह, शांतनु शुक्ला, संजय सोनी, अखिलेश मिश्रा, अमनदीप सिंह, मुस्कान त्रिपाठी,एवं रविंद्र सिंह तोमर के समधि चचाई निवासी कमलेश सिंह चंदेल,मानेन्द्र सिंह गहरवार, जनपद जैतहरी के जनपद सदस्य सत्यनारायण फुक्कू सोनी,रमेश गुप्ता व विभागीय साथी एन.जी. अवस्थी, मुन्ना जायसवाल, भागवत पांडे, संजू सोनी (क्लर्क) तथा अतुल शुक्ला सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री तोमर के अनुशासित कार्यशैली, समर्पण और नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की।